Title: Need to open a Central School at Urai in Jalaun Parliamentary constituency, Uttar Pradesh-Laid

श्री बृजलाल खाबरी (जालौन) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन, गरौठा (उ.प्र.) के अन्तर्गत 5 विधान सभाएं आती हैं और वहां हजारों केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी काम करते हैं लेकिन इस संसदीय क्षेत्र में एक भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं होने के कारण केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही मुझे मानव संसाधन विकास मंत्रालय (केन्द्रीय विद्यालय संगठन) द्वारा वर्ा में सांसद कोटो के तहत दो कूपन केन्द्रीय विद्यालय में दो बच्चों के प्रवेश हेतु उपलब्ध कराए जाते हैं लेकिन केन्द्रीय विद्यालय न होने के कारण मैं उनका उपयोग नहीं कर पा रहा हूं। उनका उपयोग देश के अन्य जिलों में भी करने की अनुमति नहीं है।

अतः मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत जालौन उरई मुख्यालय में जन हित को ध्यान में रखते हुए एक केन्द्रीय विद्यालय खोला जाए। मंत्रालय द्वारा मुझे जो दो कूपन केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश हेतु दिए जाते हैं, जब तक मेरे संसदीय क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित नहीं किया जाता है, तब तक मैं उनका उपयोग देश के अन्य स्थानों पर कर सकूं, इसकी अनुमति प्रदान की जाए।